**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE**
**Affiliation No. 1130703**
**PT 4 2024-25**
**Answer Key**

| GRADE: V | SUBJECT: HINDI | DATE: 05/03/2025 | TIME: 3HRS | MARKS: 60 |
|---|---|---|---|---|

**खंड-क**

**प्रश्न-१) अ)दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(5Q X 1M = 5M)**

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। पेड़ों पर आम के छोटे-छोटे फल दिखाई देने लगे हैं। बच्चे आम के मीठे स्वाद के लिए उत्सुक हैं। सुबह के समय ठंडी हवा चलती है, लेकिन दोपहर में धूप तेज़ हो जाती है। गर्मी में लोग ठंडा पानी और शीतल पेय पीना पसंद करते हैं। बाजार में तरबूज, खीरा और खरबूजा भी आ गए हैं। ये फल गर्मी के दिनों में शरीर को ठंडक देते हैं, इसलिए लोग इन्हें खाना पसंद करते हैं। लोग सुबह और शाम टहलने का आनंद लेते हैं।

i) गर्मी के मौसम में पेड़ों पर कौन-से फल दिखाई देने लगते हैं?

क) आम ख) सेब ग) अंगूर घ) केला

ii) सुबह के समय हवा कैसी होती है?

क) गर्म ख) ठंडी ग) सूखी घ) इनमें से कोई नहीं

iii) गर्मी के दिनों में कौन-से फल शरीर को ठंडक देते हैं?

क) केला और अमरूद ख) सेब और संतरा ग) तरबूज, खीरा और खरबूजा घ) अनार और लीची

iv) लोग सुबह और शाम किसका आनंद लेते हैं?

क) पानी का ख) चाय का ग) दूध का घ) टहलने का

v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा?

क) गर्मी का मौसम ख) सर्दी का मौसम ग) बारिश का मौसम घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-१) आ)दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(5Q X 1M = 5M)**

एक समय की बात है, एक छोटे से गाँव में रमन नाम का एक लड़का रहता था। रमन बहुत मेहनती और ईमानदार था। वह हर सुबह जल्दी उठता और अपने खेतों में काम करता। एक दिन रमन को खेत की मिट्टी में एक चमचमाता सिक्का मिला। वह सिक्का बहुत पुराना और कीमती था। रमन ने सोचा कि यह सिक्का गाँव के सरपंच को देना चाहिए। सरपंच ने रमन की ईमानदारी की तारीफ़ की और

कहा, "तुम्हारे जैसे सच्चे लोग ही हमारे समाज की पहचान हैं।"

i) रमन कहाँ रहता था?

क) शहर में ख) गाँव में ग) जंगल में घ) पहाड़ में

ii) रमन को खेत में क्या मिला?

क) किताब ख) पत्थर ग) सिक्का घ) घड़ी

iii) रमन ने सिक्का किसे दिया?

क) सरपंच को ख) अपने दोस्त को ग) दुकान वाले को घ) इनमें से कोई नहीं

v) सरपंच ने रमन की किस बात की तारीफ़ की?

क) पढ़ाई की ख) मेहनत की ग) दोस्ती की घ) ईमानदारी की

v) गद्यांश के अनुसार, समाज की पहचान कौन हैं?

क) आलसी लोग ख) सच्चे लोग ग) अमीर लोग घ) बहादुर लोग

**प्रश्न-२) अ) दिए गए आठ प्रश्नों में से किन्हीं सात प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।**

**(7Q X 1M = 7M)**

i) "तारे आसमान में चमकते हैं" वाक्य में क्रिया का कौन-सा भेद है?

क) सकर्मक क्रिया ख) अकर्मक क्रिया ग) विशेषण घ) संज्ञा

ii) "अध्यापक पढ़ा रहे हैं" वाक्य में क्रिया का कौन-सा भेद है?

क) अकर्मक क्रिया ख) सकर्मक क्रिया ग) विशेषण घ) इनमें से कोई नहीं

iii) "पेड़ पर फल लगे हैं" वाक्य में क्रिया का कौन-सा भेद है?

क) संज्ञा ख) सर्वनाम ग) सकर्मक क्रिया घ) अकर्मक क्रिया

iv) "जल" शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

क) पेड़ ख) पानी ग) अग्नि घ) हवा

v) "राजा" शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

क) सम्राट ख) दिनकर ग) जल घ) नदी

vi) "पृथ्वी" शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

क) सूरज ख) पेड़ ग) नौकर घ) धरा

vii) "अंधकार" शब्द का विलोम शब्द क्या है?

क) कल ख) जल ग) रोशनी घ) सूरज

viii) दिए गए शब्दों में से क्रिया शब्द कौन-सा है?

क) चलना ख) हवा ग) तुम घ) घर

**प्रश्न-२) आ) दिए गए आठ प्रश्नों में से किन्हीं सात प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।**

**(7Q X 1M = 7M)**

i) "ऊपर" शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

क) दूर ख) नीचे ग) पास घ) आगे

ii) "झूठ" शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

क) सच ख) असत्य ग) न्याय घ) तुम

iii) "नाक में दम करना" मुहावरे का अर्थ क्या होगा?

क) कुछ असर न होना ख) भाग जाना ग) हैरान रह जाना घ) परेशान करना

iv) "दूध का दूध, पानी का पानी" लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा?

क) न्याय करना ख) दोष लगाना ग) हैरान रह जाना घ) भाग जाना

v) "नौ दो ग्यारह होना" मुहावरे का अर्थ क्या होगा?

क) परेशान करना ख) भाग जाना ग) सो जाना घ) हैरान रह जाना

vi) तुम कहाँ जा रहे हो वाक्य में कौन-सा विराम चिह्न आएगा?

क) प्रश्नवाचक चिह्न ख) अल्पविराम चिह्न ग) योजक चिह्न घ) लाघव चिह्न

vii) मेरा नाम रोहन है वाक्य में कौन-सा विराम चिह्न आएगा?

क) अल्पविराम चिह्न ख) प्रश्नवाचक चिह्न ग) पूर्ण विराम चिह्न घ) इनमें से कोई नहीं

viii) "उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे" लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा?

क) न्याय करना ख) निर्दोष पर दोष लगाना ग) हैरान रह जाना घ) भाग जाना

**खंड-ख**

**प्रश्न-३) दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(5Q X 1M = 5M)**

गर्मी के दिनों में हमारे नल सूख जाते हैं और बरसात के दिनों में हमारी बस्तियाँ पानी में डूबने लगती हैं। यदि हमें अकाल और बाढ़ से बचना है तो अपने आस-पास तालाबों, नदियों आदि की सुरक्षा की व्यवस्था करनी पड़ेगी। हम ठीक जल-चक्र का महत्त्व समझे, वर्षा का स्वागत करें, तभी हमें जरूरत के समय पानी की कोई कमी नहीं आएगी। यदि हमने जल का सदुपयोग नहीं किया तो हम जल संकट से घिरते चले जाएँगे।

i) हमारे नल कब सूख जाते हैं?

क) गर्मी में ख) ठंड में ग) बरसात में घ) पतझड़ में

ii) हमारी बस्तियाँ कब डूबने लगती हैं?

क) गर्मी में　　　ख) बरसात में　　　ग) ठंड में　　　घ) इनमें से कोई नहीं

iii) अकाल और बाढ़ से बचने के लिए किसकी सुरक्षा जरूरी है?

क) बोतल के जल की　ख) टंकी के जल की　ग) तालाबों, नदियों की　घ) बाल्टी के जल की

iv) यदि हमने जल का सदुपयोग नहीं किया तो हम किससे घिर सकते हैं?

क) जल संकट से　　ख) मित्र संकट से　　ग) धन संकट से　　घ) इनमें से कोई नहीं

v) 'गरमी' शब्द का विलोम शब्द __________होगा।

क) दुश्मनी　　　ख) सर्दी　　　ग) बरसात　　　घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-४) पठित गद्य पाठों के आधार पर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।**

**(2Q X 1M = 2M)**

i) चाय किसने बनाई थी?

क) लेखक ने　　　ख) तरुण की माँ ने　　　ग) लड़के ने　　　घ) दुकानदार ने

ii) 'कंधे डाल दूँ' का क्या अर्थ है?

क) खूब मेहनत करना　ख) लड़खड़ाकर चलना　ग) काम करना छोड़ देना　घ) हैरान कर देना

**प्रश्न-५) गद्य पाठों के आधार पर दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।**

**(3Q X 2M = 6M)**

i) वर्षा न होने के क्या-क्या दुष्प्रभाव दिखाई देते हैं?

वर्षा न होने के कारण सब फसलें, पेड़-पौधे नष्ट हो जाएँगे और किसी को भी जीवित रहने के लिए आवश्यक भोजन नहीं मिलेगा ।

ii) कुम्मी स्कूल के बारे में क्या-क्या सोच रही थी?

कुम्मी सोच रही थी कि कितने अच्छे होते होंगे वे पुराने स्कूल जहाँ एक ही आयु के सारे बच्चे हँसते और खेलते-कूदते स्कूल जाते होंगे।

iii) किसकी लार टपक पड़ी और क्यों?

चिड़िया को गुलगुले खाते देखकर कगनमल के मुँह में पानी आ गया और उसकी लार टपक पड़ी।

iv) 'बोर करने वाला अध्यापक' किसे कहा गया है और क्यों?

मशीनी अध्यापक को बोर करने वाला अध्यापक कहा गया है क्योंकि मशीनी अध्यापक केवल तय की गई सीमा के अनुसार ही जानकारियाँ देता है।

**प्रश्न-६) दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(5Q X 1M = 5M)**

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।
डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा-जाकर खाली हाथ लौट कर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में।

i) किसकी हार नहीं होती?

क) कायर व्यक्ति की ख) शांत व्यक्ति की ग) कोशिश करने वालों की घ) मदद माँगने वालों की

ii) मोती पाने के लिए गोताखोर कहाँ डुबकियाँ लगाता है?

क) तालाब में ख) समुद्र में ग) नहर में घ) नदी में

iii) 'खाली हाथ' का अर्थ क्या है?

क) असफल होना ख) कमजोर हाथ ग) हार मानना घ) मुट्ठी खोलना

iv) 'जा-जाकर खाली_______लौट कर आता है' पंक्ति में सही शब्द क्या आएगा?

क) घर ख) दुख ग) हाथ घ) इनमें से कोई नहीं

v) मोती कहाँ मिलते हैं?

क) स्वच्छ पानी में ख) वर्षा के पानी में ग) मंदिर में घ) गहरे पानी में

**प्रश्न-७) पठित पद्य पाठों के आधार पर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।**

**(2Q X 1M = 2M)**

i) मादक संगीत कौन सुना रहा है?

क) बादल ख) पैसा ग) मिट्टी घ) अनाज

ii) बूँदें हरियाली कहाँ फैलाती हैं?

क) तालाब में ख) वन-उपवन में ग) पानी में घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-८) पद्य पाठों के आधार पर दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।**

**(3Q X 2M = 6M)**

i) असफलता को चुनौती मानकर क्यों स्वीकार करना चाहिए?

असफलता को चुनौती मानकर इसलिए स्वीकार करना चाहिए ताकि हम कमी को पहचान सके और उसमें सुधार करके सफलता प्राप्त कर सके।

ii) नन्हीं चींटी किस प्रकार अपने कार्य में सफल होती है?

नन्हीं चींटी जब दीवार पर चढ़ती है तब सौ बार गिरती और फिसलती है, मगर फिर भी वह कोशिश करती रहती है, हार नहीं मानती और अपने कार्य में सफल होती है।

iii) वर्षा ऋतु में लोग मतवाले क्यों हो रहे हैं?

वर्षा ऋतु के आने के कारण गर्मी का प्रकोप कम हो गया है। चारों ओर खुशियों का माहौल है, इसलिए लोग मतवाले हो रहे हैं ।

iv) बूँदें हरियाली किस प्रकार फैलाती हैं?

बूँदों के आने से चारों तरफ हरियाली छा जाती है। बूँदों के आने से नए-नए पौधों और पत्तों का जन्म होता है और पेड़ों को नया जीवन मिलता है।

## खंड-ग

**प्रश्न-९)** क) **संवाद लेखन-** शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा की तैयारी पर संवाद ७० शब्दों में लिखिए।

अथवा **(1Q X 5M = 5M)**

ख)**"मेरे जीवन का लक्ष्य" या "दीपावली त्योहार"** में से किसी एक विषय पर १००-१२० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

**प्रश्न-१०)** क) अपने मित्र को अपनी गर्मी की छुट्टियों में किए गए सफ़र के बारे में पत्र लिखिए।

अथवा **(1Q X 5M = 5M)**

ख) दिए गए संकेतों के आधार पर शीर्षक सहित एक कहानी लिखिए और उसकी सीख भी लिखिए।

संकेत बिन्दु: दो दोस्त थे............. उनमें गहरी दोस्ती होना................उनका एक दिन जंगल में घूमने जाना..............अचानक एक भालू आ गया............एक दोस्त का पेड़ पर चढ़ना, दूसरे का ज़मीन पर लेटना......... भालू का उसको सूँघकर छोड़ देना और अंत में दोस्ती का मतलब समझ आना ।